## खबर संक्षेप

### अंडर पास के निर्माण जल्द पूरे होंगे

**पानीपत।** पानीपत शहर मे विधायक प्रमोद कुमार विज द्वारा बनवाए जा रहे पांच अंडर पास के निर्माण की समीक्षा के लिए विधायक विज ने अपने दफ्तर में रेलवे एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की, विधायक ने अधिकारियों को अंडर पास के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के आदेश दिए। वहीं, अधिकारियो ने विधायक को निर्माण कार्यों की रिपोर्ट में असंध रोड अंडर पास के पूर्ण होने की रिपोर्ट सौंपते हुए कहा कि बाकी के चार अंडर पास का निर्माण कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है, शीघ्र ही जनता की सेवा हेतु समर्पित होंगे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने बैठक की

**पानीपत।** ऑल पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एंड रिटायरज एसोसिएशन की बैठक सेक्टर 13-17 में हुई। बैठक में 70 और 75 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले सभी वरिष्ठ सदस्यों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अशोक खुंगर एम.सी.पाल अध्यक्ष, ओपी अरोड़ा सचिव पानीपत सर्कल, के.सी.डोगरा मुख्य सलाहकार पानीपत सर्कल, ओपी दहिया आयोजन सचिव, वी.के.मित्तल, आरसी वर्मा, राजेश चोपड़ा, राम चंद्र शर्मा जिला सचिव, राम नारायण शर्मा संयुक्त सचिव,अध्यक्ष जी.एल.कुकरेजा, उपाध्यक्ष अशोक बत्रा तथा टेक राम दहिया आदि उपस्थित थे।

### थाईलैंड से जीतकर लौटी प्रेरणा का स्वागत किया

**पानीपत।** 15वीं एशिया वॉलीबॉल चैम्पियनशिप खेलकर थाईलैंड से लौटी नव ज्योति मॉडल स्कूल महिला वॉलीबॉल खेल नर्सरी की खिलाडी प्रेरणा रावल का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर गोयला खेडा गांव के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन खेडा, विनोद रावल गढी व विकास गुर्जर बापौली, स्कूल चेयरमैन राजेश शर्मा, वॉलीबॉल एसोसिएशन महासचिव कंलजीत मलिक व अन्य ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

### नाली के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव छाजपुर खुर्द में एक गली व नालियों का निर्माण नहीं होने के चलते गली वासियों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों ओमा, मुकेश, जोनी, संजय, लीला, कृष्णा, विक्की, विनोद , मोनू व धीरा आदि ने गली व नाली के निर्माण की मांग के लिए प्रदर्शन किया है। इधर, ग्रामीण उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया व मंत्री महीपाल ढांडा को इस मामले की शिकायत देंगे।

### जनसेवा कर रही है नारी कल्याण समिति

**पानीपत।** जब भी कभी किसी भी जरूरतमंद को दवाई, कपड़े या खाने की जरूरत हो तो नारी कल्याण समिति पहले अपना फर्ज निभाती है। इसके अलावा अगर जरूरतमंद कोई बच्चा है तो उसे पढने के लिए प्रेरित करती है। ये शब्द नारी कल्याण समिति की अध्यक्ष कंचन सागर ने अपनी समिति की मासिक बैठक में सुनीता गुलाटी के निवास स्थान पर कहे। इस अवसर पर सुनीता गुलाटी, शोभा गोयल, सरोज आहुजा, सुमन सिंगला, नीलम मेहता, रश्मि अखौरी, ज्योति रहेजा, संगीता अरोड़ा, योजना रोहिला आदि उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग वितरण आज

**पानीपत।** रोटरी क्लब पानीपत रॉयल द्वारा जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग वितरित करने के लिए आर्य कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन वीरवार को किया जा रहा है।

### नई राह का पौधरोपण अभियान शुरू

**पानीपत।** नई राह ने मानसून का सीजन आते ही अपनी पौधे लगाने की मुहिम शुरू कर दी। कप्रधान हर्ष नागपाल ने बताया कि वैसे तो हम पूरा साल अपने पौधे लगाने का कार्य करते हैं लेकिन जुलाई अगस्त में कुछ अधिक पौधे लगाते हैं। इसी के तहत 25 और 26 जून को मेगा मित्तल मॉल सैक्टर 12 के सामने वाटर वर्क्स और वीर सावरकर पार्क में 150 से भी अधिक पौधे लगाए। वहीं वीर सावरकर पार्क के कोने में नैनो जंगल 15 बनाया है।

---

खेलों के माध्यम से दिया नशा मुक्त हरियाणा का संदेश

# पुलिस ने छह कॉलोनियों और 51 गांवों को नशा मुक्त घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** पुलिस अधिकारियों के साथ विजेता खिलाडी और ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के मौके पर जिला पुलिस द्वारा पट्टीकल्याणा, अटावला, ददलाना व राणा माजरा गांव में खेल प्रतियोगिता करवा नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों, स्कूल व एकेडमी की वॉलीवाल व कबड्डी की टीमों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार, डीएसपी समालखा नरेंद्र कादियान, डीएसपी शहर सतीश गौतम व डीएसपी कृष्ण कुमार ने संबोधित करते हुए युवाओं व समाज के लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जीवन में कभी नशा न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न गांवों के सरपंच व काफी संख्या में मौजिज व्यक्ति मौजूद रहें। समालखा खंड के नशा मुक्त 18 गांवों के सरपंचों को सम्मानित किया। इधर, पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत ने कहा कि समाज से नशा जैसी बुराई को खत्म करने के लिए समाज के हर वर्ग को आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानीपत पुलिस ने सरपंचों व मौजिज लोगों को साथ लेकर नशा तस्करी व नशे के सेवन पर अंकुश लगा जिला के 51 गांवों व 6 कॉलोनियों को नशा मुक्त घोषित किया है। दूसरी ओर, पानीपत पुलिस प्रवक्ता अनिल ने बताया कि पुलिस ने पानीपत जिला के गांव बसाडा, कारकोली गढ, बुढनपुर, सिम्बल गढ़, बिलासपुर, हलदाना, गढी त्यागन, करहंस, पावटी, मच्छरौली, नन्हेडा, अधमी, नवादा आर, नवादा, तामशाबाद, मतरौली, जलमाना, उझा, जालपाड, बिझौंल,महराना, खुखराना, जाटल, चन्दौली, खोतपुरा, कुटानी, राजाखेडी, मोहाली, धर्मगढ, गाजंबड, ददलाना, अहमदपुर माजरा, अलुपुर, जोशी, नैन, वैसर, आसन खुर्द, उटला, खलीला माजरा, जौंधन कला, कैथ, भाउपुर, भादड़, नूरपुर, पसीना खुर्द, दीवाना, जौरासी खालसा, निजामपुर, शिमला मौलाना, आसन कला को नशा मुक्त करने के साथ ही शहर में राज नगर कॉलोनी, आजाद नगर कॉलोनी, संजय, गणेश कॉलोनी, गांधी कॉलोनी व इंसार बाजार को नशा मुक्त घोषित किया है।

---

# सहकारिता मंत्री ने की फरीदपुर व महमदपुर गांवों में जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत के गांव फरीदपुर में जनसुनवाई करते हुए सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा।

प्रदेश के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने फरीदपुर व महमूदपुर में आमजन की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि राज्य सरकार हमेशा से जनता का हित सोचती रही है। अनेक योजनाएं क्रियांवित कि गई हैं जिनका लाभ जनता को वर्तमान में मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार को हाऊसिंग लोन स्कीम को फिर से प्रारंभ करने का आग्रह किया है ताकि लोन लेकर आम जन अपना रोजगार स्थापित कर सकें। इस योजना के तहत आवेदन कर्ता 1 लाख रुपए तक का लोन कम से कम किस्त भरकर ले सकता है। वहीं, ढांडा ने कहा कि प्रदेश को समस्याओं से मुक्त करवाने को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम जनता के समक्ष निकलकर आ रहे हैं। लोग समस्याओं को लेकर पहले अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाते थे। अब समस्याओं का मौके पर निदान होता है।

---

## पर्यावरण संरक्षण के बारे बच्चों को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** बच्चों में संस्कारों व नैतिकता जैसे मूल्यों को आत्मसात करने के लिए श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं महादेव गोशाला के संयुक्त तत्वाधान में चलने वाली बाल संस्कारशाला के चौथे दिन वात्सल्य वाटिका के स्वामी हरिओम दास परिव्राजक के द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया गया कि



सभी सुखी रहे वर्तमान में हम परिवार व समाज में राष्ट्र के लिए हम ऐसा क्या करें जिससे सभी सुखी रहे। जैसे भद्र पुरुषों को देखकर एक अच्छी अनुभूति होती है ऐसे ही हमारे द्वारा किसी को कष्ट न पहुंचे हम ऐसा क्या कर सकते हैं। हमें इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है हम पर्यावरण का कैसे शुद्ध रख सकते हैं हमें अपने आंगन में आस-पड़ोस में तुलसी, पीपल, बरगद के वृक्ष लगाने चाहिए। जिससे वातावरण शुद्ध रहे जिससे हमारा स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

---

## जानलेवा हमले में तीन पर केस

**पानीपत।** पानीपत के गांव गढ़सरनई में पंचायती जमीन के पास करनाल के गांव हरसिंह पुरा निवासी शुभम पर फायरिंग के मामले में असली रंजिश सामने आई है। वहीं घायल शुभम की मां सुमन की शिकायत पर गर्वीन, मनोज और सीमा पर थाना हुडा सेक्टर 13/17 पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं शुभम को दो गोलियां लगी है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। सुमन ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने तीन साल पहले स्कूल में एक मर्डर किया था। इसी रंजिश के चलते मृतक के रिश्तेदारों ने हमला किया है।

## जेजेपी नेता देवेंद्र कादियान के घर से लाखों की चोरी, रसोइए पर आरोप

**पानीपत।** पानीपत हुडा सेक्टर 11/12 निवासी जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के प्रदेश उपाध्यक्ष और करनाल लोकसभा से जेजेपी के प्रत्याशी रहे देवेंद्र कादियान के घर चोरी हो गई। यहां उनके रसोइए पर मुकेश पुत्र जयपाल सिंह निवासी डीएल-11, सैनी मोहल्ला, खेड़े नजदीक पूंडरी जिला कैथल चोरी का आरोप है। वह बिना वेतन लिए अचानक नौकरी छोड़कर चला गया। चुनाव के बाद जब सामान की जांच की गई तो पता चला कि सामान चोरी हो गया है। चोर रसोइए ने घर से 25 हजार कैश, 15000 डॉलर और कीमती एयरपॉड चुरा लिए। कादियान के निजी सचिव विक्रम सिंह ने थाना चांदनी बाग में चोरी का केस दर्ज करवाया है।

---

# प्रशासन, जन समस्याओं का तेजी से कर रहा समाधान

■ समाधान शिविर में 275 शिकायतों में से 71 का मौके पर ही किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया जनसुनवाई करते हुए।

राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर निदान करने को लेकर उपमंडल व जिला स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर सफलता की गाथा कहने लगे हैं।

शिविरों के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। समाधान शिविरों में समस्याएं लेकर पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं को प्रशासन द्वारा पूरा आदर सम्मान दिया जा रहा है उनकी समस्या का मौके पर समाधान किया जाता है।

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उन पर रोजाना समीक्षा की जा रही है व अधिकारियों से जवाब लिया जा रहा है। सम्बंधित अधिकारियों से समस्या के समाधान में हो रही देरी का कारण पुछा जाता है। उन्होंने कहा कि वे जनसेवक की तरह कार्य कर रहे हैं व इन समाधान शिविरों में अधिकारियों के सहयोग से 80 प्रतिशत से ज्यादा समस्याओं का समाधान मौके पर किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत, पुलिस अधीक्षक अजीत शेखावत, एडीसी डॉ. पंकज, सीटीएम टीनू पोशवाल आदि उपस्थित रहे।

---

# नशे को खत्म करना प्रत्येक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत की बाबरपुर मंडी में नशे के खिलाफ जागरूकता यात्रा निकालती हुई सविता आर्य आदि।

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नारी तू नारायणी उत्थान समिति ने बाबरपुर मंडी में हरियाणा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देते हुए नशे के खिलाफ इस लड़ाई में अपनी आहुति दी। समिति की अध्यक्ष सविता आर्य ने कहा कि नशा समाज में एक कीडे की तरह है जो समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। पानीपत पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से जुडकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। हमारी समिति भी पिछले नौ वर्षो से समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। हमारी समिति ने नशे के खिलाफ मिशन एक लाख हस्ताक्षर अभियान चला कर समाज को जागरूक किया था। जिसमें एक लाख लोगों से नशा मुक्ति के खिलाफ हस्ताक्षर करवाए थे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सबसे नशे की लत से पीड़ित है। इसलिये अगर नशे को जड़ से खत्म करना है तो सबको इस अभियान में सहयोग के लिए आगे आना होगा। नशे के खिलाफ हर वर्ग व समाज के लोगों को एक जुट होकर लड़ना होगा।

---

# भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



मुख्यमंत्री नसीब सैनी का स्वागत करते हुए समाजसेवी राजेश गोयल, आदि।

मुख्यमंत्री नायब सिंह बुधवार को हुडा सेक्टर-24 में समाजसेवी राजेश गोयल के निवास पर एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे, जहां पर पत्रकारों से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सदैव गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए काम किया है। यही नहीं युवाओं में एक बहुत बड़ा विश्वास जताने का भी काम प्रदेश सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जितने भी निर्णय अब तक लिए हैं वे सभी देश को मजबूती प्रदान करने वाले हैं। आज के समय में विपक्ष के पास कोई मुद्ददा नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह का पानीपत में पहुंचने पर एनएफएल में स्थित हैलीपेड पर प्रदेश के विकास, पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा नेता डॉ. अर्चना गुप्ता, गजेंद्र सलुजा ने बुके देकर और भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को उनका चित्र भेंट किया।

---

# व्यापार की कागजी कार्यवाही को भी दुरुस्त रखें व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, पानीपत शाखा में सेमिनार का दीप लि कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की उत्तरीय भारतीय क्षेत्रीय परिषद की पानीपत शाखा द्वारा बुधवार को शाखा के प्रधान सीए जगदीश धमीजा की अध्यक्षता में लघु और छोटे व्यापारियों की समय पर पेमेंट ना आने पर एमएसएमई समाधान पोर्टल के माध्यम से पेमेंट रिकवरी विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सीए जगदीश धमीजा ने बताया कि व्यापारी की तरफ से कागजी कार्यवाही में खामियां होनी के कारण इसमें पेमेंट रिकवरी में देर हो जाती है। इसलिए व्यापारी को बिजनेस के साथ कागजी कार्यवाही को भी दुरुस्त रखना चाहिए। मुख्य वक्ता के तौर पर इस विषय के विशेषज्ञ सीए मनोज लांबा ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि 20 लाख रुपए तक के क्लेम के लिए जिला स्तर पर काउंसिल कमेटी में और इससे ज्यादा के क्लेम के लिए राज्य स्तर पर काउंसिल कमेटी बनाकर मामलों का निपटारा करने का प्रावधान है। इस संबंध में उन्होंने विस्तार से समझाया।

---

# रिफाइनरी में हर्बल ऑक्सीजन पार्क बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत रिफाइनरी में हर्बल ऑक्सीन पार्क में पौधे रोपते हुए ग्रीनमैन प्रो. दलजीत, आदि।

ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की हर्बल गार्डन की मुहीम के अंतर्गत पॉलिमर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत में 200 से अधिक पौधे रोपित करके हर्बल ऑक्सीजन पार्क किया गया स्थापित।

पॉलिमर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत स्वास्थ, सुरक्षा एवं पर्यावरण आधिकारी सचिन रायकवार ने बताया कि सुरेश कुमार उपमहाप्रबंधक पॉलिमर टर्मिनल पानीपत के नेतृत्व में ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार के सहयोग व मार्गदर्शन आज पॉलिनर टर्मिनल रिफाइनरी पानीपत में हर्बल-ऑक्सीजन पार्क स्थापित किया गया। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में इतिहास विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने बताया कि बुधवार को गूलर, महुआ, सहजन, गुड़हल, कॉलियस, हरसिंगार, मिनी मधुकामिनी, अल्मांडा,ट्रंपट वाइन, गिलोय, लेजसटोनिया इंडिका, बॉगनविला, पांच प्रकार की तुलसी, लेमन ग्रास, वज्रदंती, ब्राह्मी, मधुमालती, आंवला, नागदोन, इलाइची छोटी व बड़ी, कढ़ी पत्ता, सदाबहार, पत्थरचट्, कचनार, बहेड़ा, अपराजिता, पपीता, इंसुलिन दो प्रकार, यूफोरबिया, अमलतास, हींग, मल्टी स्पाइसिज, स्पाइडर लिली,बांस, अंजीर, चंपा, धृतकुमारी, रेन लिली, मैक्सिकन मिंट (अजवाइन), हरड़, दालचीनी, सतावर, पर्पलहर्ट, निम्बू आदि के 200 से अधिक आयुर्वेदिक और ऑक्सीजन से भरपूर पौधे रोपित करके हर्बल-ऑक्सीजन पार्क का निर्माण उप-महाप्रबंधक सुरेश कुमार और सचिन रायकवार के बुलावे पर स्थापित किया गया। उप-महाप्रबंधक सुरेश कुमार ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार की हर घर हर्बल और हर्बल गार्डन मुहीम से जुड़कर हर्बल ऑक्सीजन पार्क स्थापित किया गया है।

---

लापरवाह प्राइवेट बस संचालकों से सख्ती से निपटें

# सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बनाई रणनीति, अवैध कट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत के उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, रोड सेफ्टी की बैठक को संबोधित

जिला सड़क सुरक्षा एवं स्कूल पॉलिसी को लेकर बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सडकसुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमें उन बिंदुओं पर कार्य करने की जरूरत है जहां किसी भी प्रकार की होने वाली क्षति से आम जन को बचाया जा सके। उपायुक्त ने वाहन चालकों के लिए हाई टेस्ट व ड्राइविंग टेस्ट के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में सुरक्षा बिंदुओं को देखते हुए शहर के मुख्य मार्गों के अवैध कटों का संज्ञान लिया व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा को लेकर के उन्हें तत्काल बंद किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देकर एंबुलेंस रिस्पांस टाइम डाटा बारे विस्तृत ब्यौरा प्रदान करने के लिए कहा। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने डाटा को एनालाइज करने के लिए डेटा की मांग की।

उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की कमी को लेकर स्कूल बसों की चेकिंग करने के निर्देश दिए व कहा कि कमी पाए जाने पर बसों को इंपाउंड करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर शिकंजा कसा जा सके। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि तत्काल स्कूल बसों के संचालकों का डाटा जीएम रोडवेज को उपलब्ध कराये ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके। उपायुक्त ने एलएनटी के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए ड्रेनेज व्यवस्था की कमियों को दूर करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर इस कार्य में देरी होती है तो उसको लेकर उन्हें ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।

---

## सरकार युवाओं के भविष्य से कर रही खिलवाड़ : स्वीटी

**शाहबाद।** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कहा कि आज प्रदेश का हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और आम आदमी पर महंगाई की मार पड़ रही है। वे हल्का के गांव नगला में हुए कार्यक्रम में बोल रही थी। स्वीटी रंगा लगातार हल्का शाहबाद के गांव और शहर में जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार कर रही है। स्वीटी रंगा ने हल्का शाहाबाद के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहें क्योंकि शाहाबाद हल्के में नशा आज चरम सीमा पर है। इस कारण कई घर और जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं।

